Published Date:	June 30th, 2023	Publication:	Dainik Jagran
Edition:	Bhopal	Page No:	7
Headline: L&T Finance Provided protection via EMI Protect Plan			

एलएंडटी फाइनेंस के ईएमआई प्रोटेक्ट प्लान ने कवच प्रदान किया

मुंबई, जेएनएन। देश की लीडिंग नॉन–बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में शामिल एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि कृषि लोन ग्राहकों के लिए चलाए जा रहे ईएमआई प्रोटेक्ट प्लान के तहत 1.5 लाख से ज्यादा ग्राहकों को कवच प्रदान किया जा चुका है। यह बाजार में अपनी तरह का एक अनोखा प्लान है। यह योजना कम से कम 4 दिनों के निरंतर अस्पताल में भर्ती होने पर लोन इंस्टॉलमेंट के लिए लंप सम यानी एकमुश्त पेमेंट की पेशकश करती है। ग्राहक पूरे लोन अवधि के दौरान हर साल एक बार इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत अगर ग्राहक अस्पताल में भर्ती होता है, तो बीमा कंपनी द्वारा ग्राहक की ओर से सम एश्योर्ड उसकी वर्तमान/भविष्य की ड्यू इंस्टॉलमेंट का भुगतान एलटीएफ को किया जाएगा।